प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान कल से होंगे शुरू : उत्सव से पहले स्वर्णिम हुआ शिखर कलश।
2. आईआईटी कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम किया जारी : मेरठ के वेदांश गर्ग ने 13वीं और लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने हासिल की 68वीं रैंक।
3. प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज पहली बार मीडिया से हुए मुखातिब : कहा– पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाने के लिए एआई का किया जायेगा व्यापक इस्तेमाल। और
4. राज्य में 15 जून से 21 जून तक मनाया जायेगा योग सप्ताह : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन 4 हज़ार से अधिक स्थानों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास।

————————

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान कल से शुरू हो जाएंगे। उससे पहले कल मंदिर के शिखर कलश पर सोने की परत चढ़ाई गई। आज शाम को सरयू तट से श्री रामलला मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। कल सुबह साढ़े 6 बजे से प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन शुरू होगा।

आयोजन का मुख्य कार्यक्रम 5 जून को दोपहर 11 बजे अभिजीत मुहूर्त में शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मीडिया से बात करते हुए श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने लोगों से अपील की, कि प्राण प्रतिष्ठा सार्वजनिक आयोजन नहीं है, इसलिए इसमें शामिल होने के लिए लोग अयोध्या ना आएं। हालांकि रामलला के दर्शन करने वाले लोग सामान्य रूप से दर्शन कर सकते हैं। बाइट....

*प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पूजन तो प्रारंभ हो जायेगा पंडितों के द्वारा परन्तुजनता जनार्दन का दर्शन अभी वहाँ नहीं होगा। प्रथम तल पर राम दरबार में भी दर्शन के लिए जनता अभी नहीं जा सकेगी। उसकी पद्धति, उसका समय, उसकी पूर्व तैयारी ये सब करने में हमें कुछ समय लगेगा। परकोटा के छह मंदिरों में भी अभी जनता के भक्तों के दर्शनार्थियों के दर्शन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।*

————————

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित कर दिए। परीक्षा में कोटा के रजित गुप्ता ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया ह। वहीं मेरठ के वेदांश गर्ग ने देश में 13वीं रैंक प्राप्त की है। 68वीं रैंक हासिल करने वाले लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने आईआईटी करने के इच्छुक विद्यार्थियों को सलाह दी है कि पूरी मेहनत के साथ तैयारी करें और खुद पर भरोसा रखें। बाइट.....

*इसका श्रेय मैं तो खुद को अपने मम्मी पापा को टीचर्स को सबको ही देना चाहूँगा क्योंकि सबने मतलब इसके लिए मेहनत की है और इसके लिए मैंने दो साल तक मेहनत की है और जो लोग अभी आगे भी इसकी तैयारी कर रहे हैं उनके लिए मैं यही कहना चाहूँगा की इंटरेस्ट के साथ पढ़ाई करे और कोई भी दो साल में क्वनइज आने दे तुरंत क्लियर कर ले।*

————————

**15 जून को होने वाली नीट पीजी परीक्षा को फिलहाल स्थगित करदिया गया है। यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय के नीट पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराने के आदेश के बाद आया है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज़ ने कहा है कि एक ही पाली में परीक्षा कराने के लिए अधिक केंद्रों और इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता होगी। इसी के मद्देनज़र परीक्षा को स्थगित किया गया है। परीक्षा के लिए अगली तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी।**

————————

**प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज पहली बार मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों और पुलिस कर्मियों का कल्याण उनकी प्राथमिकता है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ पुलिस लगातार काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पर लगाम लगाने के साथ ही पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाने के लिए एआई का व्यापक इस्तेमाल किया जाएगा। बाइट....**

*साइबर अपराधों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है और इस दिशा में और ज्यादाएफिशिएंट और इफेक्टिव काम करना हमारी एक प्राथमिकता होगी और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए इसको और मजबूत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दी जाने वाली पुलिस सेवाओं के दायरों और वितरण में और सुधार किया जाए। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सेवाएं नागरिकों की जरूरत के हिसाब से सुलभ हों और कुशल हो। हमारे जो संचालन की दक्षता है, हमारे काम करने की जो फिशिएंसी है और जो प्रभावशीलता है उसको बढ़ाने के लिए हम टेक्नोलॉजी का और विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का व्यापक उपयोग करेंगे।*

———————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज हापुड़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषि विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य विशेषज्ञों और किसानों को एक मंच पर लाकर खेती के नए तरीकों और नई तकनीक के बारे में जागरुकता फैलाना है, जिससे पैदावार को बेहतर बनाया जा सके। बाइट.....

*किसान कैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करे कि दुनिया के देशों में भी उसकी खपत हो सके।इसके बारे में आज कृषि वैज्ञानिक जो प्रयोगशालाओं में काम करते हैं, खास तौर पर आईसीआर के साइंटिस्ट है या कृषि विज्ञान केन्द्रों या हमारे कृषि विश्वविद्यालयों के है। आज पूरे देश के भीतर किसान के खेत पर जा रहे हैं। जहाँ पर उनसे जाकर के इन सारी चीजों की चर्चा कर रहे हैं।*

———————

मॉनसून से पहले प्रदेश भर में बाढ़ से बचाव की तैयारी तेज़ी से पूरी की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज अयोध्या पहुंचकर बाढ़ संबंधी तैयारी की समीक्षा को। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि 15 जून से पहले सभी परियोजनाएं पूरी कर ली जाएंगी, जिससे बाढ़ से बचाव के साथ ही सिंचाई के सीजन में किसानों को पर्याप्त पानी भी मिल सकेगा। बाइट....

*हमारी तैयारी पूर्ण है। पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर भी इसी तरह हमारी तीन सौ चौंतालीस के आसपास परियोजना बाढ़ की है। वह सभी परियोजनाएं हम पंद्रह जून तक कम्प्लीट कर देंगे। किसी प्रकार की समस्या नहीं रहेगी और सिंचाई के लिए भी हम पानी दे रहे हैं। पोखरों को भरने के लिए भी पानी दे रहे हैं और आने वाला समय सीजन पर भी समय से किसान को पानी मिलेगा। किसी प्रकार की परेशानी नहीं है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृढ रवैये का संदेश देने के लिए सांसदों वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की यात्रा पर हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद और इसके सभी रूपों को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के सशक्त संदेश का प्रसार कर रहे हैं। इसी क्रम में एनसीपी–एससीपी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिस्र पहुंचा। इससे पहले शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। श्री शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत अभी प्रौद्योगिकी में एक बडी शक्ति है।

————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्रबलों के शौर्य की स्मृति में, आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर चक्र से सम्मानित कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट....

*1918 में राजस्थान में जन्मे कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह 1936 में 6 राजपूताना राइफल्स में भर्ती हुए। जुलाई 1948 में जम्मू–कश्मीर के*

*तिथवाल सेक्टर में एक सैन्य अभियान के दौरान उनकी कंपनी को दुश्मन द्वारा मजबूत तरीके से सुरक्षित एक पहाड़ी चोटी पर नियंत्रण करने का जिम्मा सौंपा गया। कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह संकरे रास्ते से आगे बढ़ रहे थे तभी उनकी टुकड़ी को दुश्मन की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा, जब उनके अधिकांश साथी या तो शहीद हो चुके थे या घायल हो गए थे तब कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह अकेले ही दुश्मनों के खिलाफ डटे रहे। लगातार दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दे रहे कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह जब दुश्मन की एक अन्य चौकी पर हमला कर रहे थे, तभी उनके सिर में गोली लग गई, लेकिन अंतिम क्षणों में भी उन्होंने एक ग्रेनेड दुश्मन की खाई में फेंक दिया। कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का यह अद्वितीय साहस और अटूट संकल्प वीरता की एक मिसाल बना और उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश में जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी सहित कई आयोजन किये जाएंगे। इस बार योग के सिद्धांतों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए एक नई पहल भी शुरू की गई है। इसमें प्राकृतिक स्थानों पर योगाभ्यास के साथ–साथ वृक्षारोपण और सफाई अभियानों को भी जोड़ा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में प्रदेश के 4 हज़ार से अधिक स्थानों पर 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे।

————————

आईपीएल क्रिकेट में कल फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स का सामना रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। यह मैच अहमदाबाद में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा।

————————

मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, सोनभद्र, और आसपास के ज़िलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)